देश के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में पाँचों बिहार के

चर्चा में क्यों?

14 दिसंबर, 2022 को केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की ओर से जारी आँकड़ों के मुताबिक देश के सबसे ज्यादा प्रदूषित शीर्ष पाँच शहरों में पांचों बिहार के हैं। इसमें देश भर में सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर पूर्णिया है, जिसका एक्यूआई 450 दर्ज किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- आँकड़ों के मुताबिक पूर्णिया के बाद देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर दरभंगा रहा है जहाँ एक्यूआई 446 रहा है। तीसरे स्थान पर बेतिया है जिसका एक्यूआई 439 रहा। 421 एक्यूआई के साथ बेगूसराय चौथे और 420 एक्यूआई वाला कटिहार देश का पाँचवा सबसे प्रदूषित शहर रहा है।
- आँकड़ों के मुताबिक पटना का एक्यूआई 347 रहा है। यहाँ प्रदूषण खतरनाक स्तर से नीचे आकर बेहद खराब स्तर तक आ गया है।
- इसके साथ ही राज्य का अररिया, भागलपुर, बिहारशरीफ, छपरा, किशनगंज, मोतिहारी, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, पटना, पूर्णिया, समस्तीपुर, सीवान का एक्यूआई 300 से अधिक रहा है। इस तरह से इन शहरों की हवा बेहद खराब स्तर पर पहुँच गई है।
- गौरतलब है कि 400 से ज्यादा एक्यूआई प्रदूषण का खतरनाक स्तर माना जाता है। यह मानव स्वास्थ्य के लिये बेहद खतरनाक होता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-in-the-most-polluted-cities-of-the-country